**भारत सरकार**

**रक्षा मंत्रालय**

**रक्षा विभाग**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2022**

**03 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए**

## पाकिस्तान द्वारा सीमा का उल्लंघन

**2022. डॉ. उमेश जी.जाधवः**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन महीनों के दौरान भारत-पाक सीमा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए युद्ध विराम के तथा सीमा संबंधी अन्य उल्लंघनों का तिथि तथा स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) दोनों तरफ होने वाली हताहतों तथा अन्य नुकसानों का घटना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार की प्रतिक्रिया तथा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)**

(क)और (ख) भारत-पाक सीमाओं पर युद्धविराम उल्लंघनों पर भारतीय सेना द्वारा सख्त और निर्णायक उत्तर दिया जाता है। माह मार्च, अप्रैल और मई, 2019 के दौरान क्रमशः 267, 234 और 221 युद्धविराम उल्लंघन हुए थे। इस अवधि के दौरान भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हुए हैं।

दूसरी तरफ हुए हताहतों के बारे में इस मंत्रालय में कोई प्रामाणिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

(ग)सभी युद्ध विराम उल्लंघनों और घुसपैठ को हॉटलाइनों, फ्लैग बैठकों के स्थापित तंत्रों, सैन्य संक्रिया महानिदेशालयों के बीच वार्ताओं और दोनों देशों के बीच राजनयिक चैनलों के जरिए समुचित स्तर पर पाकिस्तानी प्राधिकारियों के साथ उठाया जाता है।

*******